# बकाया बिजली बिल के कारण बंद न हो योजना

## जनपद सीईओ करें निरीक्षण, हैंडोवर हो चुकी योजनाओं की पंचायत करे सतत् मॉनिटरिंग : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

**सागर 24 मई. ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी के मौसम में सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं. कलेक्टर ने कहा है कि बिजली बिल के भुगतान के अभाव में किसी भी स्थिति में नल-जल योजनाएं बंद नहीं होनी चाहिए और न ही ग्रामीणों की पेयजल आपूर्ति प्रभावित होनी चाहिए.**



कलेक्टर ने रहली जनपद पंचायत के अंतर्गत विद्युत संकट या बिल बकाया होने के कारण बंद पड़ी नल-जल योजनाओं, पानी का सोर्स ना होने के कारण बंद पड़ी योजनाओं, लीकेज या ओवरफ्लो की समस्या सहित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की. बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पानी जैसी बुनियादी सुविधा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. ग्राम पंचायतों को सौंपी जिम्मेदारी, जनपद सीईओ करेंगे लगातार मॉनिटरिंग समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने नल-जल योजनाओं के सुचारू संचालन के लिए ग्राम पंचायतों की जवाबदेही तय की गई है.

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी ग्राम पंचायतें अपने-अपने क्षेत्र की नल-जल योजनाओं की सतत मॉनिटरिंग करेंगी.

बैठक में कहा गया कि हैंडओवर हो चुकी योजनाओं के संबंध में पानी की सप्लाई नियमित हो और तकनीकी कमियों को तुरंत दूर करना, यह सुनिश्चित करना पंचायत की जिम्मेदारी होगी. उन्होंने निर्देश दिए हैं कि जनपद पंचायत सीओ केवल दफ्तर में कार्य न करें बल्कि लगातार मैदानी स्तर पर निरीक्षण करें. बंद पड़ी योजनाओं को चालू कराने के लिए बिजली कंपनी और पंचायत के बीच समन्वय स्थापित कर तुरंत समाधान निकालें. उन्होंने एमपीईबी सीई को भी निर्देशित किया कि किसी भी स्थिति में नल जल योजनाओं के कनेक्शन ना काटे जाएं तथापि संबंधित जनपद सीईओ, पीएचई विभाग से संपर्क और समन्वय के साथ कार्य किया जाए। जनपद सीईओ भी यह सुनिश्चित करेंगे के बकाया बिलों के भुगतान तत्काल किए जाएं. कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान कहा कि बिजली बिल का विवाद या प्रशासनिक औपचारिकताएं अपनी जगह हैं, लेकिन इसकी प्रभाव ग्रामीणों पर न पड़े. उन्होंने कहा कि विभिन्न कारणों से रहली जनपद की सुचारू रूप से न चल पा रही नल-जल योजनाओं का तत्काल परीक्षण कर उन्हें जल्द शुरू करें. जहां पानी का सोर्स नहीं है वहां वैकल्पिक व्यवस्था करें जहां सोर्स में पानी मुहैया कराया जा सकता है वहां पानी पहुंचाएं.

# कृषि रथ : ई विकास प्रणाली की दी जानकारी

नवभारत न्यूज

**खुरई 24 मई. कृषि रथ मिलथोन विकासखंड के ग्राम पंचायत मड़ावन गौरी में पहुंचा. किसानों को ई विकास प्रणाली, मृदा परीक्षण, प्राकृतिक खेती इत्यादि की जानकारी दी गई.**

उपसंचालक कृषि ने उर्वरक वितरण की ई टोकन प्रणाली पर चर्चा की गई व टोकन बुक करने की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया. डीएपी खाद के विकल्प और मृदा परीक्षण की जांच रिपोर्ट पर अनुसंशित उर्वरक का उपयोग करने की जानकारी दी. प्राकृतिक खेती मृदा को पुनर्जीवित कर मानव स्वास्थ्य पर रसायनों के घातक प्रभाव को कम करें. अंकित रावत सहायक संचालक कृषि द्वारा एकीकृत कीट प्रबंधन एवं संतुलित मात्रा में उर्वरक का उपयोग एवं नरवाई प्रबंधन,की जानकारी दी.



संजय पाठक सहायक संचालक कृषि सागर द्वारा खरीफ फसलों की तैयारी एवं बीज अंकुरण परीक्षण की जानकारी दी. डॉ नीतेंद्र हींडोतिया पशुपालन विभाग द्वारा आचार्य विद्यासागर गो संवर्धन योजना,डॉ. भीमराव अंबेडकर डेयरी योजना ,मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना एवं समस्त विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई.कृषि विभाग के उपसंचालक कृषि ने किसानो से कहा कि खरीफ मौसम के पूर्व किसान आई डी में सभी खसरे जुड़वा लें जिससे ई विकास प्रणाली के ई टोकन बुक करके आसानी से उर्वरक प्राप्त कर असुविधा से बच सकें. इस कार्यक्रम में उपसंचालक कृषि राजेश त्रिपाठी, जनप्रतिनिधि सरपंच राजेंद्र चढ़ार एवं जनपद सदस्य ग्राम पंचायत मडावनगौरी एवं संजय पाठक सहायक संचालक कृषि, अंकित रावत सहायक संचालक कृषि, एके गुप्ता वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी,सुरेंद्र तिवारी,प्रवीण ओसारी, गजेंद्र बछाने, नीलेंद्र तोमर, डॉ नीतेंद्र हींडोतिया मौजूद थे.

# डूब क्षेत्र में ग्राम सलैया खुर्द

नवभारत न्यूज

**बंडा 24 मई. बंडा वृहद सिंचाई परियोजना अंतर्गत ग्राम सलैया खुर्द पूर्ण रूप से डूब क्षेत्र में प्रभावित हो रहा है.**

ग्रास सलैया खुर्द निर्माणाधीन उल्दन बाँध से मात्र 1.5 किलोमीटर दूर स्थित है. ग्राम सलैया खुर्द की प्रभावित हो रही भूमियो, परिसंपत्तियों एवं मकानों का अर्जन किया गया है. अर्जित परिसंपत्तियों पर 21.60 करोड़ का अवार्ड पारित किया गया है जिसमें से अब तक कुल 18.24 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान अवार्डियों को किया जा चुका है. एसडीएम बंडा श्रीमती आरती यादव ने कहा कि बंडा वृहद सिंचाई परियोजना अंतर्गत उल्दन बाँध का निर्माण कार्य प्रगतिरत है. 15 जून तक बाँध का नाला क्लोजर का कार्य किया जाना है, नाला क्लोज़र पश्चात् बाँध के डूब क्षेत्र में 457 मी. लेवल तक जल भराव होना आंकलित किया गया है. ग्राम सलैया खुर्द बाँध से मात्र 1.5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है एवं ग्राम के अधिकांशत: मकान 453 मी.,454 मी., 455 मी. के लेवल पर स्थित है, ग्राम के समस्त मकानों को खाली कर विघटित किया जाना आवश्यक है.

## पात्र हितग्राही आवेदन करें

**सागर.** दिव्यांगजनों के सहायतार्थ सहायक उपकरण प्रदाय हेतु एलिम्को जबलपुर के माध्यम से आगामी जून जुलाई माह में जिले में परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जाएगा.

संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण ने जिले के समस्त पात्र दिव्यांगजनों से कहा है कि अपने नजदीकी जनपद पंचायत, नगर निगम, नगर पालिका, नगर परिषद या जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में दिव्यांगता प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र या बीपीएल कार्ड दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत करें.

# शनिचरी पुलिस चौकी में शांति समिति की बैठक

नवभारत न्यूज

**सागर 24 मई. ईद-उल अजहा त्योहार को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से चौकी शनिचरी, थाना गोपालगंज में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई.**



बैठक के दौरान थाना प्रभारी घनश्याम शर्मा ने कहा कि सभी नागरिक पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं. थाना प्रभारी द्वारा समझाइश दी गई कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक, आपत्तिजनक अथवा धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली पोस्ट, फोटो अथवा वीडियो प्रसारित न करें. किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा असामाजिक तत्वों की जानकारी मिलने पर पुलिस को सूचित करने की अपील भी की गई. बैठक में स्वच्छता व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की गई. बैठक में चौकी प्रभारी नीरज जैन, मुफ्ती अबरार, उलहक, नीरज यादव, सुल्तान कुरैशी, नितिन साहू, आरिफ खान आदि मौजूद थे.

# मुख्य आरोपी हुआ गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सागर 24 मई. मोतीनगर थाना क्षेत्र के विवेकानंद वार्ड में हत्या एवं हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस को सफलता हाथ लगी.**

पुलिस ने एक विधि-विरुद्ध बालक तथा मुख्य आरोपी तुत्तू उर्फ शैलेंद्र रैकवार को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस का कहना है कि मामले में फरार अन्य आरोपियों की तलाश लगातार जारी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा. जानकारी के अनुसार विवेकानंद वार्ड स्थित मछरयाई क्षेत्र के गोंड बब्बा चबूतरा के पास पुरानी रंजिश को लेकर फरियादी ओम साहू और उसके भाई मयंक साहू का आरोपियों से विवाद हो गया था. विवाद के दौरान आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए अवैध हथियार से फायरिंग कर दी. गोली लगने से मयंक साहू गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई. घटना के दौरान फरियादी ओम साहू पर भी चाकू से हमला किया गया, जिससे वह घायल हो गया. पुलिस ने पहले ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था. फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए ठिकानों पर दबिश दी जा रही थी.

# पारिवारिक चुनौतियों पर हुआ युवा संवाद

नवभारत न्यूज

**सागर 24 मई. भारतीय स्त्रीशक्ति में अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस के परिपेक्ष्य में खेल परिसर में परिवार का महत्व और वर्तमान चुनौतियों विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई.**

प्रस्तावना रखते हुए नगर अध्यक्ष डॉ. प्रज्ञा उपाध्यय ने कहा कि तकनीक के बदलते दौर में भले ही दुनिया को करीब ला दिया हो, लेकिन परिवारों के बीच की दूरियां बढ़ी हैं. आज के समय में संयुक्त परिवार की संस्कृति को बचाना और आपसी संवाद को बनाए रखना बेहद जरूरी है.




खेल परिसर में छात्रा पूजा केशरवानी ने कहा किआज हमारे बीच में एकल परिवार होने के कारण हमें हमारें अन्य संबंधों से वंचित होना पड़ा है. प्रश्नोत्तर के समय हिमानी चैहान ने भी बताया कि मेरी माता जी भी कार्यकारी महिला है, कभी-कभी अपने मन की व्यथा स्वयं से ही समाप्त करनी पड़ती है. पियूष अहिरवार ने कहा कि आज भी हम अपने मनोनुकूल कैरियर चुनने में अस्मर्थ रहते है, तब माता-पिता के सुझाव की आवश्यकता पड़ती है .बीनू नायक ने भी अपने विचार रखते हुए कहां कि- बच्चे वही सीखते हैं जो परिवार में देखते हैं .भारतीय स्त्रीशक्ति की प्रदेश अध्यक्ष-डॉ प्रतिभा तिवारी ने कहा कि-भागदौड़ भरी जिंदगी और करियर की व्यस्तताओं के बीच वर्क-लाइफ बैलेंस बनाना मुश्किल हो रहा है, लेकिन परिवार के लिए गुणवत्तापूर्ण समय निकालना बेहद जरूरी है. एक ही घर में रहकर भी लोग सोशल मीडिया पर व्यस्त हैं.

# वार्षिक सम्मेलन एवं शोभायात्रा




नवभारत न्यूज

**सागर 24 मई. हरे राम संकीर्तन मंडल प्रभात फेरियो का द्वितीय वार्षिक सम्मेलनटीला खेड़ी ग्राम में शोभायात्रा एवं अखंड भंडारे का आयोजन हुआ.**

प्रभात फेरी मंडल अध्यक्ष सदस्य ने ग्राम भ्रमण कर ढोलक मंजीरा हारमोनियम लेकर हरे राम संकीर्तन एवं भजन गाय. संचालन धर्मअधिकारी आचार्य महेश दत्त त्रिपाठी ने किया.

मुख्य अतिथि ऋषिकेश महाराज राजघाट वालों ने प्रभु नाम की व्यापकता कीर्तन से भगवान की सन्निधि के प्रसंग सुनाए. इस दौरान संत शिरोमणि लाल बाबा एवं कथा व्यास जुगल किशोर तिवारी ने प्रतिवर्ष ऐसी ही शोभायात्रा का वचन दिया.

# ट्रांसफार्मर फेल होने की घटनाओं पर चर्चा

नवभारत न्यूज

**सागर 24 मई. कलेक्टर प्रतिभा पाल द्वारा विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई.**



बैठक में आरडीएसएस योजना अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा के दौरान पाया गया कि साकार इंजीटेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किए जा रहे फीडर विभक्तिकरण कार्यों की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी है. इस पर कलेक्टर द्वारा संबंधित एजेंसी को कार्य में तेजी लाने एवं निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए. कलेक्टर को विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु किए जा रहे तकनीकी एवं संरचनात्मक कार्यों से अवगत कराया गया. समीक्षा के दौरान स्मार्ट मीटर परियोजना पर भी विस्तार से चर्चा हुई। कलेक्टर महोदय द्वारा स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली को समझते हुए इनके स्थापना कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए. बैठक में ट्रांसफार्मर फेल होने की घटनाओं पर भी गंभीरता से चर्चा की गई. कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि खराब ट्रांसफार्मरों को अतिशीघ्र बदला जाए ताकि विद्युत आपूर्ति बाधित न हो. साथ ही स्टोर में उपलब्ध ट्रांसफार्मरों की संख्या एवं उनकी उपलब्धता की भी समीक्षा की गई. विभागीय अधिकारियों को पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने एवं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए.



# नारी शक्ति रैम्प वॉक आयोजित

नवभारत न्यूज

**सागर 24 मई. शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में प्रशिक्षणार्थियों द्वारा तैयार किए गए आधुनिक वस्त्रों के प्रदर्शन प्रतियोगिता हेतु हेतु रैंप वॉक कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

संस्था के सुइंग टेक्नोलॉजी विभाग की प्रतिभावान प्रशिक्षणार्थियों द्वारा खुद के हाथों से तैयार किए गए परिधानों को पहनकर रैम्प वॉक प्रस्तुत किया गया. संचालन श्रीमती आशु राव द्वारा किया गया. रैम्प वॉक और ड्रेस डिजाइनिंग के कड़े मुकाबले में प्रशिक्षणार्थियों के प्रदर्शन के आधार पर विजेताओं की घोषणा की गई, प्रथम स्थान गायत्री खटोल, द्वितीय स्थान मधु प्रजापति, तृतीय स्थान महक अहिरवार ने प्राप्त किया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि सहायक संचालक श्रीमती अदिति मिश्रा एवं पूजा तिवारी, प्राचार्य वर्ग 2 उपस्थित रहीं.

कार्यक्रम में लखन लाल अहिरवार द्वारा महिला सशक्तिकरण के महत्व को बताया.

## अवैध हथियार सहित आरोपी पकड़ाया

**सागर.** थाना मोतीनगर पुलिस ने एक आरोपी को अवैध देशी पिस्टल और जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना मोतीनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि न्यू भोपाल बस स्टैंड के पीछे भोपाल रोड स्थित भगतसिंह वार्ड क्षेत्र में एक व्यक्ति अवैध हथियार लेकर घूम रहा है. सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक जसवंत सिंह राजपूत के नेतृत्व में पुलिस टीम रवाना हुई और बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की कार्रवाई शुरू की गई. पुलिस टीम को देखकर संदिग्ध व्यक्ति घबराकर भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया. पूछताछ में आरोपी ने नाम मोहन उर्फ बबलू साहू निवासी राजीवनगर वार्ड बताया.

# युवाओं को ज्ञान और कौशल विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए : सिंह

नवभारत न्यूज

**सागर 24 मई. युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि कलियुग में जब संसार अराजकता, स्वार्थ और छल-कपट की ओर बढ़ रहा है, ऐसे समय में भगवान श्रीकृष्ण और भगवान श्रीराम के आदर्श ही मानव जीवन को सही दिशा दे सकते हैं.**




उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण केवल अर्जुन के सारथी नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के मार्गदर्शक हैं. उन्होंने सिखाया कि जीवन एक युद्धभूमि है और प्रत्येक व्यक्ति अर्जुन के समान है, जिसे अपने भीतर के कृष्ण की वाणी सुनकर धर्म और सत्य के मार्ग पर आगे बढ़ना चाहिए. वे सरस्वती शिशु मंदिर, लवकुश भवन, पटकुई में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में सहभागिता के दौरान संबोधित कर रहे थे. कथा का वाचन आचार्य पंडित ऋषि महाराज द्वारा किया जा रहा है. श्री सिंह ने कहा कि भगवान श्रीराम ने कभी भी अपनी चुनौतियों के लिए भाग्य को दोष नहीं दिया. चाहे गुरुकल की शिक्षा हो, राक्षसों का संहार हो या वनवास का कठिन समय, उन्होंने प्रत्येक परिस्थिति के लिए स्वयं को तैयार किया. भगवान श्रीराम का चरित्र युवाओं को यह प्रेरणा देता है कि उन्हें निरंतर ज्ञान, युद्ध कौशल और उत्तम व्यवहार का विकास करना चाहिए. सौंदर्य और त्याग जैसे षड्गुणों को विकसित करके ही व्यक्ति उच्च स्थान प्राप्त कर सकता है. आज के युवाओं को ज्ञानार्जन और कौशल विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए.



# विधायक को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सागर 24 मई. तिली क्षेत्र स्थित द्वारका गार्डन कॉलोनी के रहवासियों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर विधायक शैलेंद्र जैन को ज्ञापन सौंपा.**

नागरिकों ने विशेष रूप से कॉलोनी में जल निकासी व्यवस्था एवं सुरक्षा संबंधी समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया. रहवासियों ने बताया कि वर्षा ऋतु के दौरान कॉलोनी में जलभराव की गंभीर स्थिति निर्मित हो जाती है, जिससे आम नागरिकों के साथ-साथ स्कूली छात्र-छात्राओं को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. नागरिकों ने कॉलोनी में पानी की निकासी के लिए स्थायी व्यवस्था एवं रास्ता बनाए जाने की मांग की. इसके अतिरिक्त कॉलोनी के गार्डन में स्थित बड़े कुएं पर सुरक्षा जाल लगाए जाने की मांग भी उठाई गई. विधायक श्री जैन ने कहा कि निराकरण हेतु संबंधित विभागों से चर्चा कर कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी. इस अवसर पर पार्षद मनोज चौरसिया, एमके गुप्ता, बीके मिश्रा मौजूद थे.

**निर्वाचित** | **सुप्रीम कोर्ट की सबसे प्रतिष्ठित संस्था में सागर की बेटी का परचम**

# चुनाव में अधिक मत हासिल करने वाली उम्मीदवार रहीं खुशबू

नवभारत न्यूज

**सागर 24 मई. सागर शहर के लिए गौरव का क्षण उस समय बना, जब शहर की बेटी एडवोकेट खुशबू साहू सांघी ने सबसे प्रतिष्ठित कानूनी संस्थाओं में शामिल सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड एसोसिएशन ( SCAORA ) के चुनाव में जीत दर्ज की.**

खुशबू साहू सांघी न केवल कार्यकारी सदस्य पद के लिए निर्वाचित हुईं, बल्कि चुनाव में



सबसे अधिक मत हासिल करने वाली उम्मीदवार भी रहीं. इस उपलब्धि को कानूनी जगत में बड़ी सफलता माना जा रहा है सुप्रीम कोर्ट में पंजीकृत 700 से अधिक वरिष्ठ एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड्स ने उनके पक्ष में मतदान कर उन पर विश्वास जताया. चुनाव परिणाम सामने आने के बाद सागर सहित प्रदेश के विधि क्षेत्र में खुशी की लहर देखी गई. शहर के कई वरिष्ठ अधिवक्ताओं, सामाजिक संगठनों और शिक्षाविदों ने इसे सागर की प्रतिभा का राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान बताया.

उल्लेखनीय है कि खुशबू साहू सांघी का संबंध सागर के प्रतिष्ठित स्व. जयराम पहलवान परिवार से है. पारिवारिक पृष्ठभूमि सामाजिक सक्रियता और अनुशासन से जुड़ी रही है. यही कारण रहा कि बचपन से ही उनमें नेतृत्व क्षमता और सामाजिक समझ विकसित हुई. उनकी प्रारंभिक शिक्षा वात्सल्य स्कूल में हुई. खुशबू साहू सांघी का परिवार लंबे समय से प्रशासनिक और विधिक सेवाओं से जुड़ा रहा है. उनकी बड़ी बहन विनीता साहू वर्तमान में मुंबई में एडिशनल पुलिस कमिश्नर के पद पर पदस्थ हैं. परिवार की अन्य बहनें भी पुलिस सेवा और विधि क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं. भाई धर्मवीर साहू का कहना है कि खुशबू ने हमेशा सागर शहर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाने का प्रयास किया और यह जीत उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है.


## कार्यालय नगर पालिका परिषद सीहोर जिला सीहोर ( म .प्र . )

क्रमांक 360 GEM / स्वा.शा./ 2026 — सीहोर, दिनांक 23/5/2026

### निविदा विज्ञप्ति

संबंधित क्षेत्र के सेवा प्रदाताओ एवं निर्माताओं से निम्नलिखित कार्य के लिए GEM गवर्मेन्ट ई मार्केट से निविदा प्रक्रिया के माध्यम से दरे आमत्रित की जाती हैं. विस्तृत निविदा, कार्य से संबंधित समस्त अर्हताएं एवं आवश्यक दस्तावेज www.gem.gov.in पर देखे जा सकते हैं. निविदा में भाग लेने की अन्तिम तिथि 02-06-2026 सायं 17.00 बजे तक है. निविदा में यदि किसी प्रकार का कोई संशोधन किया जाता है तो वो समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा. संशोधन को GEM पोर्टल www.gem.gov.in पर ही प्रकाशित किया जायेगा.

| क्र. | निविदा क्रमांक | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत | अमानत राशि | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | GEM/2026/ B/7576375 | Emulsifiable Larvicidal Oil, Pyrethrum Based Conforming to IS 6014 (V2) (Q3) | 05.00 लाख रु. | 10000/- रु. | 30 दिवस |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सीहोर